Regarding need to address the problems faced by people due to high tension power lines passing over residential colonies in Uttar Pradesh-Laid

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** मेरे द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान विद्युत विभाग की प्रमुख समस्या सामने आई जिसमें रिहायशी इलाकों में पूर्व में बनी 11000 एवं 33000 की विद्युत लाइनों से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश में काफी जानें जा चुकी हैं । उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा बिजली के बिलों में भी बहुत ज्यादा अनियमितताएं बरती जा रही हैं ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि रिहायशी इलाकों से इन विद्युत लाइनों को बाहर करने तथा बिजली के बिलों में आ रही अनियमितताओं की जाँच कराने के विभाग को आदेश जारी करें ।